हरिभूमि महासमुंद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 30 अक्टूबर 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



खबर संक्षेप



अंग्रेजी शराब की बिक्री कर रहा एक व्यक्ति गिरफ्तार

महासमुंद। ग्राम मोहनमुंडा में अंग्रेजी शराब की बिक्री कर रहे एक व्यक्ति को सरायपाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के धारा के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति ग्राम मोहनमुड़ा के सेमर पेड़ के नीचे अवैध रूप से बिक्री करने के लिए शराब रखा हुआ है। जब पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो संदेही रमेश कुमार राठिया पिता बंशीलाल राठिया (38 साल) मोहनमुड़ा थाना सरायपाली भागने का प्रयास करने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पुलिस ने संदेही के कब्जे से 60 नग गोवा स्पेशल व्हिस्की अंग्रेजी शराब कीमत 7200 रुपए को बरामद किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई।

कहर: चक्रवाती तूफान अर्नब का व्यापक असर

24 घंटे में 41.7 मिमी बारिश धान फसल को भारी नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

बंगाल की खाड़ी से उठा चक्रवाती

- 'अर्नब' का असर : मंगलवार दिनभर छाए रहे बादल, बुधवार से होती रही बारिश

तूफान अर्नब का जिले में व्यापक असर देखने को मिल रहा है। बुधवार सुबह से शुरू हुई बारिश गुरुवार को भी जारी रही। जिले में पिछले 24 घंटों में 41.7 मिमी बारिश दर्ज की गई है। सबसे अधिक बारिश पिथौरा तहसील में 67 मिमी हुई । तेज हवा के साथ बारिश से धान की फसल गिरने से किसानों को नुकसान पहुंचने की आशंका है। खासकर अर्ली वैरायटी के धान जो पककर तैयार हो गये और जिनकी कटाई शुरू होनी थी, उन्हे अधिक नुकसान हो सकता है। वहीं तूफान के व्यापक असर को देखते हुए गुरुवार को घोषित किए गए अवकाश के चलते स्कूल-कॉलेज बंद रहे। भू-अभिलेख शाखा के अनुसार जिले में पिछले 24 घंटों में 41.7 मिमी बारिश हुई । जिसमें सबसे अधिक पिथौरा में 67 मिमी, बसना में 51.8 मिमी, बागबाहरा में 44.5 मिमी, सरायपाली में 43.6 मिमी, कोमाखान में 22 मिमी और सबसे कम 21.6 मिमी महासमुंद तहसील में बारिश दर्ज की गई। बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। जिन किसानों ने अर्ली वैरायटी की फसल ली थी, वह अब पककर तैयार हो चुकी है। जिले के कई क्षेत्रों में कटाई भी शुरू हो गई है। जिन किसानों ने फसल की कटाई कर ली है वे फसल बचाने की जुगत में लगे हैं। किसानों के अनुसार अच्छी फसल लेने के लिए उन्होंने खाद, सिंचाई और कीटनाशक दवाओं पर इस बार अधिक राशि खर्च की है। अब बे मौसम बारिश से उनकी फसल को नुकसान पहुंच सकता है। किसानों के अनुसार 15 नवम्बर से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी शुरू होने वाली है। ऐसे में ऐन वक्त पर हुई इस बारिश से फसल की गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका है। ⏭शेष पेज 13पर



सर्वाधिक वर्षा पिथौरा तहसील में 1498.0 मिलीमीटर

जिले में चालू मानसून के दौरान 01 जून 2026 से अब तक 1285.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा पिथौरा तहसील में 1498.0 मिलीमीटर दर्ज की गई। वहीं अन्य तहसीलों में जिसमें सरायपाली में 1404.0 मिलीमीटर, बसना में 1263.3 मिलीमीटर, बागबाहरा में 1200.2 मिलीमीटर, महासमुंद में 1192.9 मिलीमीटर और सबसे कम वर्षा 1151.6 मिलीमीटर कोमाखान तहसील में दर्ज की गई। 29 अक्टूबर को 41.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले के तहसीलवार वर्षा में पिथौरा तहसील में 67.0 मिलीमीटर, बसना में 51.8 मिलीमीटर, बागबाहरा में 44.5 मिलीमीटर, सरायपाली में 43.6 मिलीमीटर, कोमाखान तहसील में 22.0 मिलीमीटर एवं महासमुंद तहसील में 21.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

सब्जी फसलों को भी नुकसान

बता दें कि पिछले माह लगातार हुई बारिश से सब्जियों को नुकसान पहुंचा था। बाजार में सब्जियों की 70 प्रतिशत बाहरी आवक होने के कारण उसके दामों में बढ़ोत्तरी हुई। अनुमान लगाया जा रहा था कि दीपावली तक सब्जियों की स्थानीय आवक बढ़ने से दाम कम होंगे। पर, इस बारिश से एक बार फिर सब्जी की फसल लेने वाले किसानों को नुकसान होगा, जिसका असर लोगों की जेबों पर पड़ेगा।

SANJAY RUNGTA GROUP OF INSTITUTIONS
KOHKA-KURUD, BHILAI
EXCELLENCE GUARANTEED
PROUD TO ANNOUNCE
BEST PRIVATE DENTAL COLLEGE IN CENTRAL INDIA
with 'A' Grade accredited by NAAC
ACCREDITED WITH GRADE A NAAC
RUNGTA COLLEGE OF DENTAL SCIENCES & RESEARCH
(Under The Aegis of Sanjay Rungta Group of Institutions)
Outlook-ICARE Rankings 2026
1st AMONGST PRIVATE DENTAL COLLEGES IN CENTRAL INDIA & 16th AMONGST DENTAL COLLEGES IN INDIA has been RANKED By Outlook
1st AMONGST PRIVATE DENTAL COLLEGES IN CENTRAL INDIA has been RANKED By INDIA TODAY
REGISTRATION OPEN
ONLY FEW SEATS LEFT
AC CLASS ROOMS
BDS | MDS
BEST FACULTY • BEST INFRASTRUCTURE • BEST RESULTS
Only college in CENTRAL INDIA offering MDS in ALL 9 specialization
1. Prosthodontics & Crown and Bridge
2. Periodontology
3. Orthodontics & Dentofacial Orthopedics
4. Conservative Dentistry and Endodontics
5. Paediatrics & Preventive Dentistry
6. Oral & Maxillofacial Surgery
7. Oral Pathology & Microbiology
8. Oral Medicine & Radiology
9. Public Health Dentistry
www.rungtacolleges.com
@rungtacolleges
ADMISSION HELP LINE : 9229 111 555, 92293 44402





खबर संक्षेप

लोक कला महोत्सव पुरस्कार के लिए 25 तक प्रविष्टियां आमंत्रित

महासमुंद। शहीद वीर नारायण सिंह स्मृति आदिवासी लोक कला महोत्सव पुरस्कार वर्ष 2026-27 के लिए छत्तीसगढ़ राज्य के आदिवासी लोक कला नर्तक दलों से प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि इच्छुक नर्तक दल निर्धारित प्रारूप एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपनी प्रविष्टियां 25 नवंबर 2026 को शाम 5 बजे तक कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, महासमुंद में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त प्रविष्टियों पर विचार नहीं किया जाएगा।राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित आदिवासी लोक कला नर्तक दलों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अंतर्गत प्रथम पुरस्कार के रूप में एक लाख रुपए, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 50 हजार रुपए तथा तृतीय पुरस्कार के रूप में 25 हजार रुपए की राशि प्रदान की जाएगी। प्रविष्टि के साथ आदिवासी लोक कला नर्तक दल का संपूर्ण परिचय देना अनिवार्य होगा। इसके अलावा आदिवासी समाज में सामाजिक चेतना जागृत करने तथा सामाजिक उत्थान के लिए दल द्वारा किए गए कार्यों एवं प्रयासों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करना होगा। दल को पूर्व में प्राप्त पुरस्कारों का विवरण, उत्कृष्ट कार्यों के संबंध में प्रकाशित प्रतिवेदनों की जानकारी तथा उनकी एक-एक प्रति भी संलग्न करना होगा।

निधन

राजेश शर्मा 'राजू'



महासमुंद। शहर के क्लब पारा निवासी राजेश शर्मा 'राजू' (60) का आकस्मिक निधन गुरुवार को हो गया है। इनकी अंतिम यात्रा आज 30 अक्टूबर शुक्रवार को प्रातः 10 बजे मुक्तिधाम के लिए जाएगी।

चक्रवाती तूफान अर्नब के प्रभाव को देखते हुए कृषि विभाग ने किसानों के लिए जारी की एडवाइजरी

फसल कटाई टालने, कटी फसलों को सुरक्षित रखने और खेतों से अतिरिक्त पानी की निकासी करने की अपील

महासमुंद। भारत मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार चक्रवाती तूफान अर्नब के प्रभाव से आगामी दिनों में वर्षा एवं तेज हवाएं चलने की संभावना को देखते हुए उप संचालक कृषि एफ आर कश्यप ने किसानों के लिए मौसम आधारित कृषि सलाह जारी की है। कृषि विभाग ने किसानों को मौसम संबंधी चेतावनियों पर नजर रखने तथा तेज हवा, भारी वर्षा एवं बिजली चमकने के दौरान खेतों में काम करने से बचने की सलाह दी है। कृषि विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि धान, दलहन एवं तिलहन की खड़ी फसलें यदि पकने की अवस्था में हैं, तो मौसम की स्थिति को देखते हुए आगामी दो से चार दिनों तक कटाई का कार्य स्थगित रखें। जिन किसानों ने फसल कटाई शुरू कर दी है, वे कटी हुई फसलों को शीघ्र सुरक्षित एवं ऊंचे स्थानों पर रखें। फसलों को तिरपाल से ढंकते समय ध्यान रखें कि उसमें वर्षा का पानी जमा न हो तथा फसल के नीचे नमी न रहने पाए। खेतों में अतिरिक्त वर्षा जल की निकासी की समुचित व्यवस्था करें। फसल की कटाई, मड़ाई एवं सुखाई के लिए साफ और सूखे स्थानों की व्यवस्था पहले से सुनिश्चित करें। उतेरा फसल के रूप में तिवरा एवं अलसी की बुवाई करने वाले किसान फिलहाल कुछ दिनों तक बुवाई स्थगित रखें। रबी फसलों की बुवाई मौसम साफ होने के बाद नवंबर माह के प्रथम सप्ताह से प्रारंभ करने की सलाह दी गई है। किसानों को खेतों की नियमित निगरानी करने तथा कीट एवं रोग के लक्षण दिखाई देने पर मौसम साफ होने के बाद उचित कीटनाशक एवं कवकनाशक का उपयोग करने की सलाह दी गई है। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि गीली फसल को लंबे समय तक ढेर में बंद करके न रखें। उपज को साफ, हवादार एवं सुरक्षित स्थान पर रखें तथा अनाज को उपयुक्त नमी स्तर तक सुखाने के बाद ही भंडारित करें। बीज के लिए रखी गई फसल को अलग सुरक्षित रखें और उसे कीट-पतंगों से बचाने के साथ उसकी अंकुरण क्षमता बनाए रखने का ध्यान रखें। भंडारण स्थल की छत, फर्श एवं जल निकासी की व्यवस्था भी दुरुस्त रखें। वर्षा एवं तेज हवाओं की संभावना को देखते हुए सब्जियों और उद्यानिकी फसलों में पककर तैयार उपज की शीघ्र कटाई कर बाजार भेजने की व्यवस्था करने की सलाह दी गई है। बागवानी फसलों में उर्वरकों का प्रयोग मौसम साफ होने के बाद करें। फूलगोभी, ब्रोकली, चुकंदर, खीरा एवं पछेती करेला जैसी रबी मौसम की सब्जियों की बुवाई अथवा रोपाई नवंबर माह के प्रथम सप्ताह से प्रारंभ करें। लता वाली सब्जियों जैसे करेला, लौकी एवं अन्य कद्दूवर्गीय फसलों को तेज हवाओं से बचाने के लिए सहारे की व्यवस्था करें। केले के जिन पौधों में फूल एवं फल आ चुके हैं, उन्हें बांस का सहारा देकर सुरक्षित रखें। ओलावृष्टि की आशंका वाले क्षेत्रों में उपलब्धता के अनुसार ओलावृष्टिरोधी जाली का उपयोग करें। वर्षा के बाद पौधों की पत्तियों पर धब्बे, तनों में सड़न एवं जड़ों से संबंधित समस्याओं की नियमित जांच करें। रोग के लक्षण दिखाई देने पर सही पहचान के बाद ही नियंत्रण के उपाय अपनाएं। साथ ही खेतों में अतिरिक्त पानी की निकासी सुनिश्चित करें। पशुपालकों को सलाह दी गई है कि आगामी दिनों में संभावित वर्षा को देखते हुए पशुओं को सूखे एवं सुरक्षित स्थान पर रखें। तेज हवा एवं आकाशीय बिजली की संभावना के दौरान पशुओं को चराते समय पेड़ों के नीचे आश्रय न लें। पशुओं के लिए चारे एवं स्वच्छ पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था रखें तथा हरे चारे, सूखे चारे एवं पशु आहार को वर्षा से सुरक्षित स्थान पर भंडारित करें। पशुओं में अचानक सुस्ती, भूख में कमी, दस्त या सांस संबंधी लक्षण दिखाई देने पर तत्काल पशु चिकित्सक से संपर्क करें।



नपाध्यक्ष ने उपमुख्यमंत्री से की सौजन्य भेंट, नगर विकास पर हुई चर्चा

महासमुंद। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने राजधानी रायपुर में छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री अरुण साव से उनके निवास पर सौजन्य भेंट कर नगर विकास एवं जनहित के विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस दौरान अध्यक्ष साहू ने नगर क्षेत्र के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को उपमुख्यमंत्री के समक्ष रखा। उन्होंने नगर में चल रहे विकास कार्यों, अधोसंरचना विस्तार, सड़क, नाली, पेयजल और स्वच्छता से जुड़ी योजनाओं की प्रगति के बारे में विस्तार से अवगत कराया। साथ ही नगर के सौंदर्यीकरण, नए वार्डों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और जनहित से जुड़े प्रस्तावों पर भी चर्चा की। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने नगर पालिका के विकास कार्यों की सराहना करते हुए शासन स्तर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। नगर पालिका अध्यक्ष साहू ने कहा कि महासमुंद को स्वच्छ, सुंदर और सुविधायुक्त शहर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और शासन के सहयोग से विकास कार्यों को और अधिक गति मिलेगी।

गायत्री परिजनों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

गायत्री प्रज्ञा पीठ अछोला में इकाई के अंतर्गत आने वाले गांवों एवं आसपास के क्षेत्रों के गायत्री परिजनों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गायत्री शक्तिपीठ महासमुंद से नरेंद्र नायक, जिला युवा संयोजक नरेश साहू, ब्लॉक युवा संयोजक ओम कुमार साहू, जगदीश लाल साहू एवं भारत साहू भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री माता के पूजन-अर्चन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात युग संगीत एवं गुरुदेव की वाणी के साथ सामूहिक साधना की गई। ब्लॉक युवा संयोजक ओम साहू ने नए युग के संविधान एवं 18 सूत्रीय सत्संकल्प का पाठ कराया। ब्लॉक समन्वयक नरेंद्र नायक ने इस प्रशिक्षण के लिए अछोला इकाई को बधाई देते हुए 50 नग मंत्र लेखन पुस्तिका वितरित किए।

प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में जिला युवा संयोजक नरेश साहू ने वर्तमान समय में युवाओं की भूमिका विषय पर विचार व्यक्त करते हुए युवाओं को क्रांति का प्रतीक बताया। उन्होंने युवाओं से शालीन, स्वस्थ, सेवाभावी एवं स्वावलंबी बनकर राष्ट्र के विकास में योगदान देने का आह्वान किया।



जगदीश साहू ने नारी जागरण एवं परिवार निर्माण विषय पर अपने विचार रखे। उन्होंने नारी को प्रथम गुरु एवं पूजनीय बताते हुए राधा-कृष्ण और सीता-राम के उदाहरणों के माध्यम से नारी की महत्ता को रेखांकित किया। उन्होंने परिवार को संस्कारित बनाने तथा स्वास्थ्य रक्षा के लिए बलिवैश्व यज्ञ, दैनिक पूजन, सामूहिक साधना एवं सामूहिक भोजन जैसी परंपराओं को अपनाने पर बल दिया।भारत साहू ने कार्यकर्ताओं एवं प्रज्ञा मंडलों को सक्रिय बनाने के उपायों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने नियमित यज्ञ, सामूहिक साधना, समयदान, अंशदान, साप्ताहिक गोष्ठी एवं विभिन्न संस्कारों के आयोजन को नियमित गतिविधियों का हिस्सा बनाने की बात कही। साथ ही आय-व्यय में पारदर्शिता रखने तथा सभी गतिविधियों का व्यवस्थित दस्तावेजीकरण करने का सुझाव दिया। प्रशिक्षण के अंत में स्वमूल्यांकन प्रपत्र के माध्यम से कार्यकर्ताओं की सक्रियता का आकलन किया गया तथा हारिये ना हिम्मत पुस्तिका का निःशुल्क वितरण किया गया। प्रज्ञा पीठ अछोला के वरिष्ठ परिजन बिसौहा राम साहू ने पीठ की गतिविधियों की जानकारी दी तथा सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन जगदीश लाल साहू ने किया। वहीं तेजराम विश्वकर्मा की संगीत टीम ने बीच-बीच में प्रेरणादायी गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को रोचक एवं उत्साहपूर्ण बनाया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में लालजी साहू, वित्त प्रबंधक, बिसनाथ साहू, सहसमन्वयक, गौकरण साहू युवा प्रकोष्ठ, नारायण धीवर, महिला मंडल से सरस्वती धीवर, अरुणि विश्वकर्मा, कु काजल, देविका आदि का विशेष योगदान रहा। प्रशिक्षण में युवा मंडल एवं महिला मंडल के सदस्यों सहित जोबा, गढ़सिवनी, खेरझिटी, अछोली, बनरसी, समोदा, कोसरंगी, कागडीह एवं आसपास के अन्य गांवों से लगभग 100 गायत्री परिजन उपस्थित रहे।

अर्नब तूफान से हुए नुकसान की तुरंत भरपाई हो : अंकित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता अंकित

- सरकार से तत्काल मुआवजे की व्यवस्था कराने की मांग

बागबाहरा ने बताया कि वर्तमान समय में पटवारियों की हड़ताल और धान खरीदी केंद्रों के कर्मचारियों द्वारा 8 माह के वेतन और परिवहन के स्पष्ट उल्लेख के अभाव में उनके द्वारा भी हड़ताल की जा रही है, ऐसे समय में किसानों के ऊपर पहले से संकट के बादल मंडरा रहे थे।

अंकित ने कहा कि सामने 8 नवंबर को दिवाली त्योहार है, ऐसे समय में अर्ली वेरायटी का धान बोए किसानों ने फसल काटनी शुरू की थी और बेचने के लिए इंतजार कर रहे थे और शेष किसानों की फसल पकने की कगार में थी, ऐसे समय में अर्नब तूफान ने किसानों की फसलों पर बड़ी बर्बादी की है। ऐसे में छत्तीसगढ़ की वर्तमान भाजपा सरकार को चाहिए कि तत्काल



मुआवजे की व्यवस्था करवाये, नुकसान का संहि आंकलन कर राजस्व की धारा 6/4 से बाहर आ समुचित मुआवजा दिवाली के पहले किसानों के खाते में डाले। ताकि, किसानों की दिवाली ठीक से मन पाए और उक्त पैसा घूम कर बाजार में आने से बाजार में भी रौनक आती। अंकित ने कहा कि पहले ही पटवारियों की हड़ताल के चलते किसानों का एग्रीस्टैक का काम रुका, फ़ौती नामांतरण का काम रुका है, बच्चों के आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र का कार्य रुका है। इस संदर्भ में बागबाहरा एसडीएम से बात की, तब उन्होंने बताया कि उक्त सम्बंध में आदेश दो दिन पहले ही निकाला गया है कि ये सारे काम सम्बंधित क्षेत्र के आरआई करेंगे। ताकि, किसानों और बाकियों को किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो। साथ ही अंकित ने राज्य की भाजपा सरकार से पुनः मांग की कि वर्तमान तूफान से हुए नुकसान का आंकलन करते हुए तत्काल दिवाली से पहले मुआवजा राशि किसानों के खाते में डाले। साथ ही बीमा कंपनी से बात कर भी समुचित व्यवस्था करवाए। ताकि, किसानों और उनसे जुड़े मजदूरों को दिवाली ठीक से मन सके।

पटवारी हड़ताल से किसान परेशान, तूफान से फसल बर्बाद, सरकार की चुप्पी पर मोती ने उठाए सवाल

पिथौरा। पूरे छत्तीसगढ़ में पटवारियों की हड़ताल के चलते राजस्व संबंधी कार्य प्रभावित हो रहे हैं। दूसरी ओर धान खरीदी का समय नजदीक आने के बावजूद किसान अपना रकबा त्रुटि कराने के लिए परेशान हैं। इसी बीच अर्नब तूफान के प्रभाव से हुई बारिश और तेज हवाओं ने किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। ऐसी परिस्थिति में किसानों को राहत देने और उनकी समस्याओं का समाधान करने के बजाय सरकार की ओर से ठोस पहल नहीं दिखने पर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व मीडिया प्रभारी मोती जांगड़े ने भाजपा सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। मोती जांगड़े ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि प्रदेश में किसान पहले ही खेती की बढ़ती लागत, खाद-बीज की व्यवस्था और धान खरीदी की तैयारियों को लेकर परेशान हैं। अब पटवारियों की हड़ताल ने उनकी



मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। धान खरीदी का समय नजदीक है, लेकिन किसान रकबा त्रुटि सुधार कराने के लिए भटक रहे हैं। सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि जब पटवारी हड़ताल पर हैं, तब किसानों के रकबा त्रुटि सुधार और अन्य जरूरी राजस्व कार्यों की व्यवस्था कैसे सुनिश्चित की जाएगी। जांगड़े ने कहा कि एक तरफ पटवारी हड़ताल पर हैं, दूसरी तरफ किसानों की फसलें तूफान की मार से बर्बाद हो रही हैं। ऐसे में फसलों के नुकसान का आकलन कौन करेगा? किसानों को समय पर मुआवजा दिलाने के लिए सरकार ने क्या व्यवस्था की है? यदि नुकसान का सर्वे ही समय पर नहीं होगा, तो प्रभावित किसानों को राहत कैसे मिलेगी?मोती जांगड़े ने कहा कि प्रदेश सरकार को पटवारियों की मांगों पर गंभीरता से विचार कर हड़ताल समाप्त कराने की पहल करनी चाहिए, ताकि किसानों के जरूरी काम बाधित न हों। साथ ही, तूफान से प्रभावित गांवों में तत्काल सर्वे कराकर फसल क्षति का आकलन किया जाए और प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा देने की प्रक्रिया शुरू की जाए। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं को नजरअंदाज करके सरकार अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकती। मोती जांगड़े ने भाजपा सरकार से सवाल किया कि पटवारी हड़ताल के कारण धान पंजीयन में आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं? तूफान से बर्बाद हुई फसलों का सर्वे कब होगा? किसानों को मुआवजा कब मिलेगा? सरकार को इन सवालों का स्पष्ट जवाब देना चाहिए।

खैरा में मनाया करवा



अरंड (पिथौरा)। ग्राम खैरा में करवा चौथ पर्व मनाया। विवाहित महिलाओं ने उपवार रखकर पति के दीर्घायु की कामना करते हुए चंद्रमा के उदय की प्रतीक्षा एवं अर्घ्य देकर पूजा अर्चना की। गांव की अनीता बाई, सीमा ध्रुव, ईशा ध्रुव, दीपिका पटेल, दीपा पटेल, दीक्षा पटेल, केशवरी पटेल, कीर्ति पटेल आदि महिलाओं ने करवा चौथ का पर्व मनाया।

10 आपदा पीड़ितों को 40 लाख की सहायता स्वीकृत

जगदलपुर। कलेक्टर बस्तर आकाश छिकारा ने प्राकृतिक आपदा से मृत 10 लोगों के परिवारों के लिए 40 लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। सभी प्रभावित परिवारों को चार-चार लाख रुपए दिए जाएंगे। सहायता पाने वालों में तालाब और कुएं में डूबने से मृत पदमनी के पिता भास्कर, मनबोध की पत्नी सनमती, तीरनाथ की पत्नी हेमबती, धनर कश्यप की पत्नी दिलेश्वरी, चंदन के पिता रामचंद और लखूराम की पत्नी सिलदई शामिल हैं। वहीं आकाशीय बिजली से मृत लालती के पिता शत्रुघन तथा सर्पदंश से मृत भगवती के पिता तुलाराम, सोनमती के पति गणेश और सविता के पिता कलानाथ को राहत राशि मिलेगी।

सीईओ, अपर और डिप्टी कलेक्टरों के मध्य कार्य विभाजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में प्रशासनिक कार्यों के सुचारू संचालन, विभागीय समन्वय तथा शासकीय कार्यों के प्रभावी निष्पादन के लिए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी विनय कुमार लंगेह ने अधिकारियों के मध्य पूर्व में सौंपे गए प्रभारों में संशोधन किया है। इसके तहत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, अपर कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर एवं डिप्टी कलेक्टरों के मध्य आगामी आदेश पर्यंत तक कार्य विभाजन करते हुए विभिन्न विभागों एवं जिला कार्यालय की शाखाओं की जिम्मेदारियां निर्धारित की गई हैं।

जारी आदेश के अनुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत महासमुंद अनुपमा आनंद को जिला पंचायत के कार्यों के अतिरिक्त मुख्यमंत्री की घोषणाओं एवं निर्देशों, स्वास्थ्य, जिला आयुर्वेद, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, कृषि, पशु चिकित्सा सेवाएं, मत्स्य पालन, उद्यानिकी, रेशम, शिक्षा, ग्रामीण यांत्रिकी सेवाएं, क्रेडा, मुख्यमंत्री कौशल विकास, ग्रामोद्योग एवं हाथकरघा विभाग सहित विभिन्न विभागों का प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। उन्हें कृषि विज्ञान केंद्र, नोडल जिला सहकारी बैंक, सीएसआर, निःशक्त कल्याण एवं पुनर्वास तथा जिले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों एवं समारोहों के लिए प्रभारी एवं समन्वयक की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है।

अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा को अपर कलेक्टर सरायपाली का प्रभार सौंपते हुए बसना एवं सरायपाली तहसीलों के निर्धारित राजस्व प्रकरणों की प्रथम अपील, निगरानी एवं पुनरीक्षण प्रकरणों की सुनवाई तथा निराकरण की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अतिरिक्त संबंधित अनुविभागों में छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता (संशोधन) अधिनियम, 2026 के अंतर्गत कलेक्टर की अधिकारिता में आने वाले द्वितीय अपील के प्रकरणों की सुनवाई एवं निराकरण का दायित्व भी सौंपा गया है। उन्हें नजूल पट्टों के नवीनीकरण तथा नजूल शाखा के निर्धारित प्रकरणों के अंतिम निराकरण की जिम्मेदारी भी दी गई है।

अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू को महासमुंद, बागबाहरा, कोमाखान एवं पिथौरा तहसीलों के निर्धारित राजस्व प्रकरणों की प्रथम अपील, निगरानी एवं पुनरीक्षण प्रकरणों की सुनवाई और निराकरण का दायित्व सौंपा गया है। इसके साथ ही संबंधित अनुविभागों के द्वितीय अपील प्रकरणों, शोध क्षमता प्रमाण-पत्र जारी करने, अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी के कार्यों, जिला शहरी विकास अभिकरण, भू-अर्जन एवं भू-आवंटन तथा खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं औषधि प्रशासन से संबंधित प्रकरणों के निराकरण की जिम्मेदारी दी गई है। उन्हें भू-अभिलेख शाखा, जिला खनिज न्यास, जल जीवन मिशन, चिटफंड, लाइसेंस शाखा, एसडब्ल्यू शाखा एवं जेल निरीक्षण सहित विभिन्न शाखाओं तथा खाद्य विभाग, आदिवासी विकास, आबकारी विभाग, जिला परिवहन एवं नगरीय निकाय विभाग का प्रभारी अधिकारी भी बनाया गया है।

अपर कलेक्टर जगन्नाथ वर्मा को जिला निर्वाचन संबंधी कार्यों में उप जिला निर्वाचन अधिकारी, सामान्य एवं स्थानीय निर्वाचन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अतिरिक्त सहायक अधीक्षक राजस्व एवं सामान्य, वित्त स्थापना, नाजरात, विधानसभा एवं संसद के प्रश्नोत्तर प्रकोष्ठ, जिला विभागीय जांच, सत्कार, पुस्तकालय एवं प्रपत्र शाखा तथा सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत अपीलीय अधिकारी के दायित्व सौंपे गए हैं। भूमि विक्रय अनुमति के निर्धारित प्रकरणों की जांच तथा भू-अर्जन प्रकरणों का परीक्षण कर कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत करने की जिम्मेदारी, नोडल अधिकारी सीएम हेल्पलाइन, जिला विवाह अधिकारी का प्रभार सौंपा गया है। इसके अलावा सेवानिवृत्त तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के परिवार कल्याण निधि, समूह बीमा, सामान्य विभागीय भविष्य निधि, अवकाश नगदीकरण एवं ग्रेच्युटी के अंतिम भुगतान की स्वीकृति अधीक्षक, सहायक अधीक्षक एवं भू-अभिलेख विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों के सामान्य भविष्य निधि अग्रिम, आंशिक अंतिम विकर्षण, यात्रा भत्ता एवं चिकित्सा प्रतिपूर्ति की स्वीकृति जिला कार्यालय के तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के अवकाश, परीक्षाओं में सम्मिलित होने की अनुमति तथा वार्षिक वेतनवृद्धि की स्वीकृति विद्युत, पीओएल, टेलीफोन एवं डाक संबंधी देयकों की स्वीकृति लेखन सामग्री एवं आकस्मिक निधि से 20 हजार रुपए तक के व्यय की स्वीकृति, 5 हजार रुपए तक के अनुपयोगी डेड स्टॉक तथा 2 हजार रुपए तक की चोरी हुई सामग्री का अपलेखन करने का अधिकार सौंपा गया है। साथ ही जिला कोषालय एवं जिला योजना तथा सांख्यिकी विभाग का प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

डिप्टी कलेक्टर अक्षा गुप्ता को राजस्व लेखा एवं राहत शाखा, अभियोजन शाखा, सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ एवं जनसूचना अधिकारी, अल्प बचत शाखा, लोक आयोग एवं मानव अधिकार आयोग सहित विभिन्न संवैधानिक आयोगों से संबंधित शाखाओं तथा परीक्षा शाखा की जिम्मेदारी दी गई है। उन्हें मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के सहायक नोडल अधिकारी एवं जिला हेल्पलाइन अधिकारी के रूप में भी दायित्व सौंपा गया है। इसके अतिरिक्त श्रम एवं खेल विभाग का प्रभार भी दिया गया है। डिप्टी कलेक्टर मधु तेता को वरिष्ठ लिपिक शाखा-02, वरिष्ठ लिपिक शाखा-01 आवास आवंटन, पुरातत्व, विकास एवं बीस सूत्रीय शाखा सहित विभिन्न शाखाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें कार्यालय में प्राप्त होने वाले डाक की मार्किंग, कलेक्टर न्यायालय के वाचक, प्रतिलिपि शाखा, अभिलेखागार तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के सहायक नोडल अधिकारी का दायित्व भी दिया गया है। इसके अतिरिक्त जिला पंजीयक एवं उच्च शिक्षा विभाग का प्रभार सौंपा गया है।

सारिका मित्तल को सौंपे गए दायित्वों से संबंधित आदेश में शिकायत एवं जन शिकायत निवारण प्रकोष्ठ, मुख्यमंत्री की घोषणाएं, जिला जनगणना अधिकारी, ई-प्रशासन के अंतर्गत सॉफ्टवेयर क्रियान्वयन, ई-डिस्ट्रिक्ट एवं लोक सेवा केंद्र, देवस्थानम, सार्वजनिक ट्रस्ट मॉनिटरिंग, वक्फ संपत्ति, देव स्थल, धर्मस्व एवं पुनर्वास, आईगॉट कर्मयोगी, लोक सेवा गारंटी, आवक-जावक तथा अभिलेखों एवं प्रमाण-पत्रों के सत्यापन से संबंधित कार्य भी शामिल हैं। उन्हें खनिज विभाग का प्रभारी अधिकारी भी बनाया गया है। सभी अधिकारी अपने निर्धारित प्रभार के अंतर्गत विभागीय कार्यों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करेंगे।

इसके साथ ही कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे जाने वाले अन्य कार्यों का भी निर्वहन करेंगे। अधिकारियों की अनुपस्थिति में जिला कार्यालय के कार्य प्रभावित न हों, इसके लिए लिंक अधिकारियों की व्यवस्था भी निर्धारित की गई है।

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र में नवीन मतदान केंद्रों की स्थापना एवं मतदाताओं की सुविधा बढ़ाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) की प्रक्रिया के अंतर्गत खल्लारी विधानसभा क्षेत्र में नवीन मतदान केंद्रों की स्थापना एवं मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण की मांग की गई है। इस संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी महासमुंद के अध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने जिला निर्वाचन अधिकारी, महासमुंद को पत्र प्रेषित कर किया है।विधायक द्वारिकाधीश यादव ने अपने पत्र में कहा है कि क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में मतदाताओं की सुविधा, मतदान केंद्रों की दूरी तथा उपलब्ध भवनों की स्थिति को ध्यान में रखते हुए नवीन मतदान केंद्र बनाए जाने की आवश्यकता है। नए मतदान केंद्र स्थापित होने से मतदाताओं को मतदान करने में सुविधा मिलेगी तथा निर्वाचन प्रक्रिया में उनकी भागीदारी बढ़ेगी।

इस संबंध में खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नवीन मतदान केंद्रों के लिए प्रस्तावित ग्रामों की सूची भी प्रस्तुत की गई है। इनमें प्रमुख रूप से बेलर, नवागांव, चितमखार, अमुरा, भीमखोज, रैताल, पड़कीपाली, फेगड़ा, खखराझुड़ा, फूलझर, घुंचापाली, डोंगा, रोजा, कुरूमभांठा, बंजरबाहरा, घोंघामाठा, चौर्मभट्ठी, जोगीडीपा, मातरबाहरा, गुलझर, कोंडेश्वर, सोनादादर, आमागांव, कस्तूरबोड़, डोकरपाली, धामनतोरसी, दावनबोड़, खुसरूपाली, हनुमानडीह, सराईपाली, उरदमाली, चुरूपाली, खड़ादरहा, बांसकांटा, मिलाईदादर कला, चिंगरिया, खट्टीडीह, पड़कुडा, करमूड़ा खुर्द, करमूड़ा कला, मातागुड़ा, लोंदाभांठा, भलेसर, भालुकोना, सेनभांठा, बेहराभांठा एवं बनियातोरा सहित अन्य ग्राम शामिल हैं। विधायक ने निर्वाचन अधिकारियों से आग्रह किया है कि प्रस्तावित ग्रामों एवं स्थानों का नियमानुसार परीक्षण कर आवश्यकतानुसार नवीन मतदान केंद्रों की स्थापना सुनिश्चित की जाए। साथ ही जिन स्थानों पर मतदाताओं की संख्या, भौगोलिक स्थिति अथवा मतदान केंद्र तक पहुंचने में होने वाली कठिनाइयों को देखते हुए नए केंद्र की आवश्यकता है, वहां निर्धारित मापदंडों के अनुरूप कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र मतदाता को मतदान का अवसर मिलना आवश्यक है। मतदान केंद्रों की उचित व्यवस्था से विशेषकर दूरस्थ क्षेत्रों के मतदाताओं को राहत मिलेगी और मतदान प्रक्रिया अधिक सुगम एवं सुविधाजनक बनेगी। श्री यादव ने निर्वाचन विभाग से प्रस्तावित सूची पर गंभीरतापूर्वक विचार कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

खबर संक्षेप

दो ट्रैक्टरों से बैटरी चोरी, तेंदूकोना थाने में अपराध दर्ज

महासमुंद। ग्राम कौंसरा में दो ट्रैक्टरों से बैटरी चोरी के मामले में तेंदूकोना थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को कौंसरा के मोतीराम साहू ने बताया कि उसने खेती किसानी काम के लिए महिंद्रा ट्रैक्टर क्र सीजी 06 ई 3516 और उसके भतीजे नारायण साहू ने सोनालिका ट्रैक्टर क्र. सीजी 06 एचए 9307 खरीदा है। खेती काम के बाद भतीजे नारायण साहू के पोल्ट्री फार्म में दोनों ट्रैक्टर को खड़ा करते है। प्रार्थी ने बताया कि 22 अक्टूबर की सुबह 6 बजे पोल्ट्री फार्म जाकर देखा तो दोनो ट्रैक्टरों में लगे हुआ बैटरी कुल कीमत 16 हजार रुपए को किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

हाईवा की टक्कर से ट्रक चालक घायल

महासमुंद। साराडीह मोड़ के पास हाईवा वाहन की टक्कर से ट्रक चालक घायल हो गया। मामले की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। एनएच 53 साराडीह मोड़ मारूति शोरूम के सामने तेज रफ्तार एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर हाईवा वाहन सीजी 04 पीवाय 9159 के चालक ने गलत साइड में जाकर ट्रक क्रमांक सीजी 06 एचए 9003 को टक्कर मार दिया। घटना में ट्रक चालक के सिर, छाती एवं हाथ में चोट लगी। घटना में हाईवा वाहन का चालक भी घायल हो गया। इस घटना की रिपोर्ट बेलसोंडा के सूर्या चंद्राकर ने सिटी कोतवाली में दर्ज कराई है। रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

कलार समाज महिला मंच का प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम पिथौरा में कल

बसना। छत्तीसगढ़ कलार समाज



महिला मंच द्वारा कल शनिवार को प्रदेश स्तरीय महिला सशक्तिकरण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें चिकित्सा, इंजीनियरिंग, विधि, शिक्षा, प्रशासनिक सेवाओं तथा महिला एवं बाल विकास विभाग सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं देकर समाज और देश के विकास में योगदान दे रही समाज की महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। आयोजन समिति की टीम तैयारियों में जुटी हुई है। कार्यक्रम के प्रभारी के रूप में अशोक सिन्हा, प्रदेश संयोजक, आदर्श विवाह जनगणना प्रकोष्ठ तथा यशवंत सिन्हा जिम्मेदारी संभालेंगे।

पेज 11 का शेष

24 घंटे में 41.7...

कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को सलाह दी है कि जिन खेतों में धान, दलहन और तिलहन की फसलें पकने की अवस्था में हैं, वहां मौसम को देखते हुए आगामी कुछ दिनों तक कटाई स्थगित रखें। जिन किसानों ने फसल काट ली है, वे उसे जल्द सुरक्षित और ढंके हुए स्थान पर पहुंचाएं। खेतों में अतिरिक्त पानी जमा होने से रोकने के लिए निकासी की व्यवस्था करें। फसलों में रोग और कीट के लक्षण दिखाई देने पर मौसम साफ होने के बाद ही आवश्यक कीटनाशक या कवकनाशक का छिड़काव करें।

लिंकिंग रोड से होगा ट्रैफिक बायपास, लोगों को मिलेगी राहत

एनएच-353 से मौहारीभाठा तक नहर लिंक रोड का कार्य जारी, नई कनेक्टिविटी ले रही आकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शहर में बागबाहरा रोड से लेकर मौहारी भांठा तक नहर लिंक रोड का निर्माण कार्य शुरु हो चुका है। शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने नेशनल हाईवे-353 से केंद्रीय विद्यालय होते हुए मौहारीभाठा तक करीब तीन किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण पूरा होने के बाद शहर को आवागमन के लिए एक वैकल्पिक रास्ता मिलेगा। इससे बीटीआई रोड पर वाहनों का दबाव कम होने की उम्मीद है। साथ ही केंद्रीय विद्यालय जाने वालों को भी हाईवे से सीधे जुड़ने वाला नया रास्ता मिलेगा। बता दें कि नहर लिंक रोड की मांग वर्ष 2015 से की जा रही थी। वर्ष 2018 में जल संसाधन विभाग ने संबंधित नहर पालिका को हस्तांतरित करने के बाद इसी वर्ष तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने सड़क निर्माण की घोषणा की थी। इसके बाद वर्ष 2023 में तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी इस योजना की घोषणा की, लेकिन बजट की उपलब्धता नहीं होने के कारण काम आगे नहीं बढ़ पाया। वर्ष 2023-24 के बजट में इसे शामिल किया गया। अब स्वीकृति मिलने के बाद निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। करीब 3.73 करोड़ रुपए की लागत से प्रस्तावित इस सड़क का निर्माण लोक निर्माण विभाग करेगा। विभाग ने प्रारंभिक स्तर पर समतलीकरण का काम शुरू कर दिया है। एसडीओ एके अग्रवाल ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि फिलहाल जमीन को सड़क समतलीकरण का कार्य जारी है।

चर्चा में नहर लिंक रोड की चौड़ाई

नहर लिंक रोड की प्रस्तावित चौड़ाई 3.75 मीटर रखी गई है। सड़क के दोनों ओर डेढ़-डेढ़ फीट के साइड सोल्डर बनाए जाएंगे। पहले तैयार योजना में सड़क को अधिक चौड़ा बनाने के साथ नाली निर्माण का भी प्रावधान था, लेकिन वर्तमान प्रस्ताव में चौड़ाई कम है। ऐसे में सड़क की उपयोगिता और भविष्य में बढ़ने वाले यातायात को देखते हुए इसकी चौड़ाई बढ़ाने की भी मांग हो रही है।



आवाजाही होगी आसान

बीटीआई रोड पर वाहनों की आवाजाही कम करने में भी यह रास्ता मददगार साबित होने के साथ कलेक्ट्रेट मार्ग पर किसी आयोजन, प्रदर्शन या यातायात अवरोध के दौरान वैकल्पिक रास्ते की उपलब्धता लोगों के लिए मौजूद रहेगी। एनएच से पिटियाझर की ओर जाने वाले नहर वाले हिस्से में भी सड़क बनाने की योजना है।

विडंबना: प्राइवेट हॉस्पिटल और पैथोलॉजी लैब धड़ल्ले से हो रहे संचालित

खामियों के बावजूद निर्बाध संचालन

सीएम हेल्पलाइन की साख दांव पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

सीएम हेल्पलाइन में शिकायत होने के बाद जिले के बसना और सरायपाली विधानसभा क्षेत्र में दर्जनों अवैध प्राइवेट हॉस्पिटल और पैथोलॉजी लैब में विभाग द्वारा दबिश दी गई। भगवान भरोसे चल रहे इन बिना मान्यता और कुशल चिकित्सकों के संचालित इन संस्थानों में गंभीर अनियमितताएं मिली। जो अखबारों की सुर्खिया रहीं। लेकिन, आगे कोई प्रतिबंधात्मक कार्रवाई नही हुई। ऐसे में सीएम पोर्टल में हुई शिकायतों को निराकृत दर्शित करने केवल दबिश देकर क्षेत्र में ऐसा वातावरण तैयार क्यों किया गया, और क्या कार्रवाई की जा रही है। यह आज तक स्पष्ट नहीं हो पाया।

प्रशासन की ओर से जारी जानकारी के अनुसार दबिश के दौरान कई अस्पतालों में न तो पंजीकृत डॉक्टर मिले, न ही क्लिनिकल लाइसेंस, पैथोलॉजी में पैथोलॉजिस्ट के बिना ही जांच रिपोर्टें बनाई जा रही थीं। टीम द्वारा केवल दबिश देकर अखबार की सुर्खियां बटोरा जाना लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है जबकि, जिन संस्थानों में दबिश दी गई थी वे अब भी उन्हीं अनियमितताओं के साथ बदस्तूर संचालित है।



जांच : स्वास्थ्य के साथ किए जा रहे खिलवाड़ की शिकायत सही पाई गई

अस्पतालों, लैब और मेडिकल स्टोर्स में स्वास्थ्य विभाग ने दी औचक दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के बसना क्षेत्र में रोगियों के स्वास्थ्य के साथ निजी अस्पतालों, पैथोलॉजी लैब और मेडिकल स्टोर्स में सीएम पोर्टल में हुई शिकायत के आधार पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार औचक निरीक्षण किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएक सिंह के नेतृत्व में गठित जांच दल ने विभिन्न संस्थानों में जांच होम एक्ट एवं शासन के स्वास्थ्य संबंधी दिशा-निर्देशों के पालन की जांच की। निरीक्षण के दौरान कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं, जिन पर संबंधित संस्थानों के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। जांच दल में सीएमएचओ, सहायक नोडल अधिकारी (जांच होम एक्ट), खंड चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ) तथा जिला समन्वयक (आयुष्मान भारत) शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ ने अस्पताल परिसर एवं वार्डों में स्वाफ-सफाई का उच्च स्तर बनाए रखने तथा चिकित्सकों की ड्यूटी रोस्टर के अनुसार 24×7 सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों को मरीजों एवं उनके परिजनों के साथ संवेदनशीलता, विनम्रता और शालीनता से व्यवहार करने की हिदायत भी दी। शेष पेज 10 पर

निजी संस्थानों में मिलीं गंभीर अनियमितताएं

मेडिकल अस्पताल, बसना निरीक्षण के दौरान अस्पताल एवं प्रशासनमान में लैब टेक्नीशियन अनुपस्थित मिले। प्रशासन द्वारा मौके अस्पताल की जानकारी दिए जाने पर लैबोरेटरीज से सिलीपित मानकों के अनुरूप व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जबकि ही अस्पताल संचालक मरीजों का सिम्प्टमबुक उपकरण, अल्ट्रासाउंड मशीन, निर्माण तथा सोनोग्राफी संबंधी जानकारी दर्ज व्यवहार प्रयार-प्रसार करने को पाया गया। बसना पैथोलॉजी लैब में लिपिकृत के दौरान लैब में तकनीशियन अनिवार्यतः पाई गई।

छापे के बाद भी निर्बाध संचालन

सबसे बड़ा सवाल यही है कि अफसरों ने दबिश दी और खामियां पाई तो इन संस्थानों को सील क्यों नहीं किया गया? बसना और सरायपाली के मुख्य मार्गों, गली-मोहल्लों में वे ही प्राइवेट हॉस्पिटल और पैथोलॉजी लैब धड़ल्ले से संचालित हो रहे हैं। ग्रामीण मरीजों से मनमानी फीस वसूली जा रही है और गलत जांच रिपोर्ट के सहारे लोगों की जान से खिलवाड़ हो रहा है।

बिना डिग्री के बन बैठे डॉक्टर

सूत्र बताते हैं कि कई जगहों पर अप्रशिक्षित लोगों द्वारा खुद को डॉक्टर बताकर क्लिनिक संचालित किया जा रहा है। नर्सिंग होम के नाम पर बेड लगाकर ऑपरेशन तक किए जा रहे हैं। पैथोलॉजी लैब में बिना क्वालिफिकेशन के खून जांच की जा रही है, जिसकी रिपोर्ट के आधार पर मरीजों को कतिपय गलत दवाइयां ही दी जा रही हैं।

जनता में आक्रोश

मिली जानकारी के अनुसार कथित खानापूर्ति की इस कार्रवाई से सीएम हेल्पलाईन पोर्टल की साख दांव पर लग गई है वहीं आमजन में भी आक्रोश पनप रहा है। लोगों की मानें तो सार्थक कार्रवाई का इरादा हो तो विभाग इन अवैध अस्पतालों की सूची सार्वजनिक करे और कार्रवाई से भी जनता को अवगत कराएं। क्षेत्र के जागरूक नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने कलेक्टर और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से मांग की है कि पूरे बसना-सरायपाली विधानसभा में अवैध रूप से संचालित समस्त प्राइवेट हॉस्पिटल और पैथोलॉजी लैबों की निष्पक्ष जांच कर कड़ी वैधानिक कार्रवाई करते हुए जांच रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए।

बागबाहरा में घुसा भालू लोगों में मचा हड़कंप

महासमुंद। बागबाहरा में गुरुवार की सुबह भालू की मौजदूगी से लोगों में हड़कंप मच गया। भालू बड़ी पानी टंकी, करांपारा और केनरा बैंक चौक होते हुए गायत्री मंदिर गली तक जा पहुंचा। इस दौरान लोगों की भीड़ भालू के पीछे दौड़ती रही, जिसके चलते वह लगातार अपना रास्ता बदलता रहा।



बाद में भालू बंद पड़े पुराने राइस मिल के फड़ में जा घुसा। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर उसकी गतिविधियों पर नजर रखे हुए थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बागबाहरा के केनरा बैंक चौक के पास भालू एक मकान की छत पर चढ़ गया। इसके बाद वह दीवार पार कर दूसरी गली में पहुंचा। वहां से आगे बढ़ते हुए सिख समाज धर्मशाला के बाजू स्थित झाड़ियों से भरे खाली प्लाट में जा घुसा। कुछ देर रुकने के बाद वह फिर आगे बढ़ गया। बागबाहरा में सबसे पहले लालपुर में भालू दिखाई देने की जानकारी सामने आई। इसके बाद वह बड़ी पानी टंकी के पास से होते हुए करांपारा की गली में पहुंचा और फिर केनरा बैंक चौक की ओर बढ़ा। इस दौरान मोहल्लेवासी उसे भगाने के लिए पीछे दौड़ते रहे। लोगों की भीड़ के कारण भालू एक गली से दूसरी गली की ओर भागता रहा। कई लोग उत्सुकतावश घरों की छतों पर चढ़कर उसे देखते रहे। इसके बाद भालू गायत्री मंदिर गली की ओर पहुंचा और दौड़ते हुए गिरीश पटेल के घर के सामने स्थित बंद पड़े पुराने राइस मिल के फड़ में दीवार फांदकर घुस गया। वन विभाग की टीम उसकी गतिविधियों पर लगातार नजर रख रही थी। रेंजर नवीन वर्मा अपनी टीम के साथ मौके पर मौजूद रहे। वन विभाग के कर्मचारी लोगों को भालू से दूर रखने और आसपास भीड़ एकत्रित होने से रोकने का प्रयास करते रहे। भालू की मौजूदगी वाले क्षेत्र में सतर्कता बरती जा रही थी, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति न बने। वन विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि भालू या किसी अन्य वन्यजीव के दिखाई देने पर उसके पीछे न दौड़ें और न ही उसे घेरने या भगाने का प्रयास करें। वन्यजीव से सुरक्षित दूरी बनाए रखें और तत्काल वन विभाग को सूचना दें। भीड़ और शोर से घबराकर वन्यजीव आक्रामक हो सकता है।

त्योहारी सीजन में ग्राहकों की सुविधा के लिए रालास मोटर्स की नई पहल, अभनपुर, भाटापारा और पिथौरा में नए आउटलेट शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



त्योहारी सीजन में ग्राहकों की बढ़ती

- महिंद्रा की एसयूवी, कमर्शियल और इलेक्ट्रिक वाहनों की रेंज अब ग्राहकों के और करीब, आकर्षक फेस्टिव ऑफर्स का

मांग और उन्हें बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महिंद्रा के अधिकृत डीलर रालास मोटर्स ने अभनपुर, भाटापारा और पिथौरा में अपने नए आउटलेट शुरू किए हैं। इस पहल का उद्देश्य ग्राहकों को वाहन खरीदने, उनकी पसंद के मॉडल की जानकारी प्राप्त करने और फेस्टिव ऑफर्स का लाभ उठाने के लिए दूर न जाना पड़े तथा उन्हें अपने ही क्षेत्र में सुविधाजनक सेवा मिल सके।

शोरूम के जीएम श्री शेखनी ने बताया कि त्योहारों के दौरान नई गाड़ी खरीदने को शुभ शुरुआत और खुशियों से जोड़कर देखा जाता है। ऐसे में रालास मोटर्स द्वारा नए आउटलेट शुरू करना ग्राहकों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। इन आउटलेट्स के माध्यम से आसपास के क्षेत्रों के ग्राहक महिंद्रा की विभिन्न गाड़ियों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे और अपनी जरूरत, पसंद एवं बजट के अनुसार वाहन चुनने में सुविधा का लाभ उठा सकेंगे।

रालास मोटर्स के माध्यम से ग्राहकों को महिंद्रा की लोकप्रिय एसयूवी रेंज के साथ-साथ इलेक्ट्रिक वाहनों और कमर्शियल वाहनों के विभिन्न विकल्पों की जानकारी भी उपलब्ध कराई जा रही है। इसमें BE 6, XEV 9e, XEV 9S, थार, स्कॉर्पियो, XUV700, XUV 3XO, थार रॉक्स और बोलेरो नियो जैसे मॉडल शामिल हैं। वहीं, व्यवसाय एवं परिवहन से जुड़े ग्राहकों के लिए पिकअप, सुप्रो, जीतो, लोडिंग ऑप्टिमो और जायो जैसे कमर्शियल वाहन भी उपलब्ध हैं। त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए कंपनी की ओर से विभिन्न मॉडलों पर आकर्षक फेस्टिव ऑफर्स और लाभ भी प्रस्तुत किए जा रहे हैं। इसके साथ ही ग्राहकों को तत्काल फाइनेंस सुविधा और आकर्षक ईएमआई विकल्पों के माध्यम से वाहन खरीदने में सहायता देने पर जोर दिया जा रहा है। ग्राहक अपनी पसंद की गाड़ी, उपलब्ध ऑफर्स और फाइनेंस संबंधी जानकारी के लिए नजदीकी रालास मोटर्स आउटलेट पर संपर्क कर सकते हैं। रालास मोटर्स की यह पहल ग्राहकों के अनुभव को अधिक सुविधाजनक बनाने के साथ-साथ क्षेत्रीय स्तर पर ऑटोमोबाइल बाजार को भी गति देने की दिशा में महत्वपूर्ण है। नए आउटलेट्स के शुरू होने से अभनपुर, भाटापारा और पिथौरा सहित आसपास के क्षेत्रों के ग्राहकों को महिंद्रा की गाड़ियों तक आसान पहुंच मिलेगी।





खबर संक्षेप

शहीद भगत सिंह बस्ती का दशहरा उत्सव आज

महासमुंद। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शहीद भगतसिंह बस्ती महासमुंद द्वारा प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी विजयादशमी उत्सव शुक्रवार 30 अक्टूबर 2026 को मनाया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन पुराना मंडी परिसर गंजपारा में होगा। उत्सव की अध्यक्षता रमेश पाहूजा करेंगे। आयोजकों ने सभी स्वयंसेवकों, बंधुओं एवं भगिनियों से सपरिवार कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पथ संचलन के लिए दोपहर 2:30 बजे एकत्रीकरण होगा। पश्चात सभा में शामिल होने के लिए शाम 3:30 बजे उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है। आयोजकों ने सभी स्वयंसेवकों से निर्धारित समय से 10 मिनट पूर्व उत्सव स्थल पर पहुंचने की अपील की है। शहीद भगतसिंह बस्ती के बस्ती प्रमुख नेहरू पटेल एवं शाखा कार्यवाह अखिलेश राव ने सभी से कार्यक्रम में सहभागिता की अपील की है।

बिजनेस साईट



शिविर में हुआ 9 निःशुल्क पथरी ऑपरेशन

महासमुंद। सोहम हॉस्पिटल में 27 अक्टूबर को आयोजित फ्री किडनी स्टोन एवं प्रोस्टेट चिकित्सा शिविर में कुल 09 निःशुल्क सर्जरी सफलतापूर्वक की गईं। इस विशेष शिविर की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि सभी ऑपरेशन अत्याधुनिक लेज़र तकनीक से किए गए, जिसमें एक भी टांका नहीं लगा। बिना टांके की प्रक्रिया होने से मरीजों को तेज़ और आरामदायक रिकवरी मिली तथा अधिकांश मरीज जल्दी घर लौट पाए। शिविर का नेतृत्व प्रमुख यूरोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. आकाश अग्रवाल और डॉ युगल चंद्राकर ने किया। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि इस तरह के उच्चस्तरीय और निःशुल्क शिविर सामान्यतः बड़े शहरों में ही उपलब्ध होते हैं। लेकिन, सोहम हॉस्पिटल इसे जनहित में स्थानीय स्तर पर उपलब्ध करा रहा है। सोहम हॉस्पिटल ने यह भी घोषणा की कि ऐसे फ्री लेज़र स्टोन एवं प्रोस्टेट सर्जरी कैंप हर महीने सोहम हॉस्पिटल नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे। जिन मरीजों को किडनी स्टोन या प्रोस्टेट की समस्या है, वे इस शिविर का लाभ ले सकते हैं।

निधन

मोगेश चंद्राकर



बागबाहरा। बागबाहरा के वार्ड नंबर 2 के पूर्व पार्षद मोगेश चंद्राकर का निधन हो गया है। उनके निधन की खबर से स्थानीय क्षेत्र और परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई है। वे ओम कलेक्शन के संचालक कृष्णा चंद्राकर (पप्पू चंद्राकर) के बड़े भाई थे। उनका अंतिम संस्कार बुधवार उनके गृह ग्राम (पैतृक गांव) पडक़ीपाली में किया गया। उनके निधन पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों और वार्डवासियों ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

सोनासिल्ली में विजयादशमी पर हुआ पथ संचलन

देश को परम वैभव के शिखर पर ले जाना है : गुलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा

पिथौरा खंड गड़बेड़ा मंडल के ग्राम सोनासिल्ली में विजयादशमी पर स्वयंसेवकों ने गुरुकुल विद्यालय से मुख्य मार्ग होते हुए ग्राम के मुख्य चौक चौराहों से कार्यक्रम स्थल तक भव्य पथ संचलन किया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने शस्त्र पूजन भी किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भरत सिंह दीवान ग्राम पटेल ने सभी को इस पुनीत कार्य के लिए शुभकामनाएं दी।

- गुरुकुल विद्यालय से मुख्य मार्ग होते हुए ग्राम के मुख्य चौक चौराहों से कार्यक्रम स्थल तक पथ संचलन





मुख्य वक्ता गुलाब ठाकुर जिला महाविद्यालयीन कार्य प्रमुख ने विजयादशमी पर्व एवं नवरात्रि पर्व पर मां आदिशक्ति दुर्गा भवानी एवं मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के कार्यो का उल्लेख किया। उन्होंने संघ का इतिहास बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार सन 1925 में नागपुर के मोहिते बाड़ा नामक स्थान पर किया था। आज संघ विश्व का सबसे बड़ा हिंदू संगठन है जो स्वयं के खर्च से राष्ट्र के लिए कार्य करने वाली संगठन है। हम सभी हिंदू समाज को संगठित होकर रहना होगा। संगठन की कमी पहले मैं फिर देश का भाव आपसी फूट के कारण देश कई सौ वर्षों तक मुस्लिमों एवं अंग्रेजों के गुलाम रहे। हिंदू समाज को संगठित रहकर विदेशी ताकतों का डटकर मुकाबला करना होगा। उन्होंने कहा कि संघ को समझना है तो शाखा आना पड़ेगा। देश को परम वैभव की शिखर पर पहुंचाने के लिए हमें निरंतर कार्य करना होगा। इस वर्ष शताब्दी वर्ष के अवसर पर सभी शक्तियों को जाग्रत करने का प्रयास किया गया है, जो सभी मिलकर कार्य करने वाले हैं। इस कार्य के विभिन्न अनुषांगिक संगठन विश्व हिंदू परिषद विद्याभारती वनवासी कल्याण आश्रम भारतीय मजदूर संघ भारतीय किसान संघ आदि प्रमुख संगठन कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर जिला व खंड से विवेक दीक्षित, डिगमलाल साहू आदि मौजूद रहे।

कहर: बारिश के साथ चलीं तेज़ हवाओं ने तैयार खड़ी फसलों को पहुंचाया नुकसान

चक्रवाती तूफान का असर, जमीन पर बिछीं धान की फसल, किसानों के चेहरे पर छाई चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

बंगाल की खाड़ी में सक्रिय चक्रवाती तूफान अर्नब का असर से क्षेत्र में पिछले दो दिनों से जारी है। चक्रवात अर्नब के कहर से तेज हवा ने कृषि क्षेत्र को भारी तबाही के मुहाने पर खड़ा कर दिया है। बारिश के साथ चलीं तेज़ हवाओं ने तैयार खड़ी फसलों को भारी नुकसान पहुँचाया है, जिससे अन्नदाताओं के माथे पर चिंता की लकीरें साफ़ देखी जा सकती है।

- प्रभावित क्षेत्रों का सर्वेक्षण सर्वे कराने, सही आकलन के साथ ही राहत और उचित मुआवजा की मांग



चक्रवात के प्रभाव से दो दिनों से लगातार बारिश हो रही है और तेज़ हवाएं चल रही है। इसकी रफ़्तार इतनी अधिक थी कि जो फसलें कटाई के लिए पूरी तरह तैयार थीं और जिनमें बालियां निकल आई थीं, वे खेतों पर धराशायी होकर बिछी गई।

धन सड़ने की आशंका

धान फसलें पानी में डूबे से सड़ने की आशंका है। जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है। बेमौसम आफत की इस बारिश और चक्रवात ने अन्नदाताओं की मेहनत पर पानी फेर दिया है।

किसानों की मेहनत पर फिरा पानी

प्रभावित किसानों का कहना है कि उन्होंने बड़ी मेहनत और लागत से फसल तैयार की थी और इस बार अच्छी पैदावार की उम्मीद थी, लेकिन कूदरत के इस कहर ने उनकी सारी उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। बागबाहरा विकासखंड के कोमाखान तहसील के अतर्गत ग्राम कोकड़ी के किसान नूतन पटेल ने बताया कि 12 एकड़ खेतों में लगे धान फसल जमीन पर बिछ गई है। अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि हमने अपनी पूरी जमा-पूंजी इस फसल में लगा दिया था। फसल बहुत अच्छी थी और हमें उम्मीद थी कि इस बार अच्छा मुनाफ़ा होगा, लेकिन चक्रवात ने सब कुछ बर्बाद कर दिया।

मुआवजा दिलाने की मांग

इसी प्रकार ग्राम परकोम के किसान चिंतामणि चंद्राकर ने बताया कि इस गांव में लगभग तीन सौ एकड़ फसल 80 प्रतिशत तक फसल जमीन पर गिर गए है। छोटे किस्म की फसल पककर कटाई के लिए तैयार हो गई है। दीपावली पर्व के पहले कुछ फसल व पर्व के बाद कटाई की तैयारी है, लेकिन बारिश और हवा के कारण धान की पौधे की कमर टूट कर जमीन पर गिर गए, इससे फसल बदरा होने की आशंका है। ग्राम कोकड़ी के किसान नोहर दीवान का 6 एकड़ का धान फसल पानी में डूब गए है। किसानों ने प्रभावित क्षेत्रों का तुरंत सर्वेक्षण सर्वे कराने एवं सही आकलन के साथ ही तत्काल राहत और उचित मुआवजा देने की मांग शासन-प्रशासन से की है।

अमलोर हाईस्कूल पहुंचे शिक्षाविद समीर, अंग्रेजी कैसे सीखें पर दिया व्याख्यान

महासमुंद। पिछले दिनों चर्चित शिक्षाविद और पूर्व प्राचार्य समीर चंद्र प्रधान स्वैच्छिक मोबाइल मोटिवेशनल क्लास के अभियान के क्रम में अंतरराष्ट्रीय ऐतिहासिक पर्यटन स्थल सिरपुर से 6 किलोमिटर दूर वनांचल ग्राम अमलोर स्थित शासकीय हाईस्कूल पहुंचे। अमलोर में प्रधान ने संसाधन विहिन और पर्याप्त स्टाफ के अभाव में भी अध्ययन कर रहे कक्षा नवमी और दसवीं के विद्यार्थियों को अंग्रेजी विषय के शिक्षक के अभाव से वर्तमान में आ रही समस्याओं को देखते हुए अंग्रेजी कैसे सीखें और और अंग्रेजी कैसे पढ़ें पर दो घंटे का व्याख्यान दिया।

प्रधान जो स्वयं अंग्रेजी भाषा के विशेषज्ञ हैं ने विद्यार्थियों को डेमोस्ट्रेशन कर के अंग्रेजी सुनने, समझने, बोलने की क्षमताओं का विकास करने के सरलतम तरीके बताए। उन्होंने किसी भी भाषा केसीखने के लिए आधार मूल सिद्धांत को विस्तार से उदाहरण सहित व्याख्या की। प्रधान की रोचक शैली का विद्यार्थियों ने भरपूर आनंद उठाया तथा कक्षा शिक्षण में सहभागिता की। उन्होंने व्यावहारिक रुप से आ रही समस्याओ पर प्रधान से बेहिचक चर्चा की तथा समाधान कराया।विशेष अध्यापन के दौरान बच्चों को बताया कि पाठ्यक्रम में शामिल बहुत सारे अंग्रेजी के संरचनाओं, बिंदुओं के समतुल्य उपयोगों को हिंदी और अपनी मातृभाषा में कैसे समान्य रुप हम दैनिक रुप से उपयोग करते हैं। अंग्रेजी को इन भाषाओं के समानान्तर रखकर एवं खोज कर समझना अंग्रेजी की सरल और शीघ्र समझ विकसित करने में सहायक होती है। अतिरिक्त समय में प्रधान ने विद्यार्थियों को बेहिचक संवाद करने, अपने मन की भावनाओं को स्पष्ट एवं व्यवस्थित रुप से मौखिक और लिखित रुप में अभिव्यक्त करने, कठिन परिस्थितियों में स्वयं की भावनात्मक रुप से अनियंत्रित होने, बिना सुने वार्तालाप करने, जिम्मेदारियों से बचने जैसे कमजोरियों से निजात पाने के लिए महान व्यक्तित्वों के जीवन प्रसंगों के माध्यम से समाधान बताया। प्राचार्य घनश्याम ठाकुर तथा अन्य शिक्षकों ने कक्षा में विद्यार्थियों की तरह बैठकर व्याख्यान का आनंद उठाया। प्राचार्य ने प्रधान को समय समय पर विद्यालय का भ्रमण कर उपयोगी मार्गदर्शन विद्यार्थियों को देने का आग्रह किया।

प्री मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास में बच्चों को दी गई कानूनी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नालसा एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार जिले में विभिन्न जागरुकता विषयों पर आधारित सरल कानूनी शिक्षा के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष एवं प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया के मार्गदर्शन पर विधिक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी परिपेक्ष्य में मौहारी भाठा स्थित प्री मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास में द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश आनंद बोरकर पहुंचकर छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा संचालित सुरक्षित बचपन अभियान अंतर्गत उपस्थित छात्राओं को कानून के विभिन्न विषयों जैसे गुड टच-बेड टच, बाल विवाह, बाल श्रम, दहेज, घरेलू हिंसा एवं महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित अपराधों का सरल भाषा के माध्यम से कानूनी जानकारी प्रदान की गई। सुरक्षित बचपन अभियान इस अभियान का उद्देश्य स्कूली बच्चों को उनके अधिकारों, व्यक्तिगत सुरक्षा, ऑनलाइन सुरक्षा एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया, निःशुल्क विधिक सहायता तथा बाल संरक्षण संबंधी सहायता के विषय पर जागरूक करना है तथा हर बच्चे का बचपन, हम सबकी जिम्मेदारी है का मूल संदेश है। इस अवसर पर द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश आनंद बोरकर द्वारा छात्रावास के छात्राओं द्वारा उत्सुकता पूर्ण कानूनी सवालों का जवाब तलब कर सरल एवं सहजतापूर्ण सामान्य भाषा में कानून के सामान्य पहलुओं पर अवगत कराया गया। साथ ही आज के आधुनिक एवं डिजिटल युग में बढती साइबर अपराधों से ऑनलाईन होने वाले जैसे यूपीआई, क्यूआर फ्रांड, ओटीपी, डिजिटल गिरफ्तारी, बैक केवास अपडेट फ्रॉड, इंन्वेस्टमेंट एवं ट्रेडिंग, एपीके फाइल, क्यूआर कोड के माध्यम से होने वाले ठगी एवं अपराधों से बचाव संबंधी जानकारी दी गई।

- गुड टच-बेड टच, बाल विवाह, बाल श्रम, दहेज संबंधी अपराधों को सरल तरीके से बताया



छात्रा रागनी बनी दिल्ली में गुड फॉर इंडिया चैलेंज के आयोजन की गवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शहर के आशी बाई गोलछा स्कूल की कक्षा 12वीं में अध्ययनरत छात्रा रागनी साहू एवं व्याख्याता संजय एक्का को राष्ट्रीय स्तर पर नई दिल्ली में आयोजित किए गए वायासेट के गुड फॉर इंडिया चैलेंज 2026 मोटो के तहत आयोजित बिग स्पेस टेक्निकल इवेंट के आयोजन में शामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ।

वायासेट एक विश्व स्तरीय सैटेलाइट कम्युनिकेशन तथा नेटवर्किंग कंपनी है जो वैश्विक स्तर पर ब्रॉडबैंड, नैरोबैंड तथा साइबर सिक्योरिटी समाधान सेवा प्रदान करने के साथ साथ तकनीकी के विभिन्न क्षेत्रों में विद्यार्थियों में तकनीकी नवाचारी विचारों एवं योजनाओं पर कार्य करने के लिए प्रेरित करती है। इसी तारतम्य में वायासेट ने स्पेस फॉर गुड इंडिया चैलेंज 2026 मोटो के साथ बिग स्पेस टेक्निकल इवेंट के तहत जून 2026 में तकनीकी के विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्तर पर विद्यार्थियों से उनके नवाचारी प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत करने आमंत्रित किया। इस प्रतिस्पर्धा में कुल दो हजार प्रतिभागियों में से 6 प्रतिभागियों को उनके सर्वश्रेष्ठ नवाचारी प्रस्तुति के लिए चुना गया। फाइनल राउंड में देश में तकनीकी के क्षेत्र में प्रसिद्ध विद्वानों प्रोफेसर किरण कुची, रिचा विशेषज्ञ आदि मौजूद रहे। फाइनल राउंड में प्रतिभागियों ने बहुत ही उच्च स्तरीय तकनीकी प्रोजेक्ट डिजिटल स्क्रीन के माध्यम से प्रस्तुत किया, जिसमें दृष्टि : अंतरिक्ष में मौजूद खतरनाक मलबे से बचने के लिए उपग्रहों की समस्या का



हुकुमचंद, डॉ विनोद कुमार, कर्नल अश्विनी भारद्वाज, डॉ सत्यनारायण चक्रवर्ती, लेफ्टिनेंट जनरल एके भट्ट, रिबेका ग्रेटन आदि ने जज की भूमिका निभाई। इस पूरे इवेंट के दौरान वायासेट के डायरेक्टर जनरल गौतम शर्मा, स्पेस किड्स इंडिया की फाउंडर एवं सीईओ डॉ केशन तथा देश के कई तकनीकी समाधान, एजिसः आपदा के कारण होने वाले संचार अवरोधों का समाधान, भूकवचः भूकंप बचाव दल की समस्या का समाधान, क्रोनोसेंटिनलः सूखे और गर्मी के तनाव के कारण फसलों के नुकसान की समस्या का समाधान, मार्कः आपदा में सूचना तंत्र की ध्वस्त होने पर समाधान आदि पर बहुत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इस प्रतिस्पर्धा के अंतिम परिणाम भी घोषित किए गए। जिसमें विजेताओं को मिमेंटो सहित प्रथम पुरस्कार पांच लाख रुपए द्वितीय पुरस्कार तीन लाख पचहत्तर हजार रुपए तृतीय पुरस्कार दो लाख पचहत्तर हजार रुपए की राशि प्रदान की गई।

छात्र रागिनी साहू एवं प्रभारी शिक्षक संजय एक्का ने लौटकर अनुभव शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ साझा किए। संस्था के प्राचार्य गोविंद सिन्हा ने सभी विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि अन्य विद्यार्थी भी अपनी प्रतिभा विकसित करते हुए इसी तरह आगे आएं, सभी को ऐसे अवसर जरुर मिलेंगे। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष संदीप दीवान, विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता द्वय विमल मन्नाडे, तोषण गिरी गोस्वामी, खोमन चंद्राकर, डॉ ज्योति किरण चंद्राकर, सुमन चंद्राकर, पूजा साहू, कीर्तन साहू, खेमलता कंवर सहित समस्त शाला परिवार ने विद्यालय के लिए गौरव का विषय बताया।

कार्यक्रम में विद्यालय के 40 बच्चों ने भाग लिया, विविध प्रतियोगिता हुई

देव संस्कृति विद्यालय में मनाया ई-कचरा प्रबंधन दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

देव संस्कृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में इको क्लब के सदस्यों द्वारा 28 अक्टूबर 2026 को ई-कचरा प्रबंधन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य कुबेर प्रकाश गिरी, वरिष्ठ व्याख्याता गरिमा साहू, वाणिज्य के व्याख्याता लोकेश चंद्राकर, इको क्लब के प्रभारी शिक्षक दिनेश प्रताप ठाकुर द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्रों पर पुष्पमाला एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के 40 बच्चों ने भाग लिया। जिसमें पोस्टर बनाओ, नारा लेखन, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का कार्यक्रम रखा गया।

पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में यामिनी साहू, चंचला यादव, पायल साहू, रूचि साहू, तृप्ति साहू, देवनारायण महाराणा, चंद्रहास ध्रुव, खुशी साहू त्रिलोचन साहू, नेमीचंद साहू, जितेन्द्र साहू, राहुल साहू कुणाल विश्वकर्मा, दिव्यानी साहू, भोमिका कन्नौजे। नारा लेखन में चंचला यादव, चेतन साहू, पायल साहू, विजय साहू, चांदनी साहू, योगिता साहू, यामिनी साहू। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में लेख राम साहू, जितेन्द्र साहू, तुषार चंद्राकर, चंद्रहास ध्रुव, देवनारायण महाराणा, यामिनी साहू, चंचला यादव, तृप्ति साहू, रुचि साहू, खुशी साहू, दिव्यानी साहू ने भाग लिया।



कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को संस्था के प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया।

प्राचार्य कुबेर प्रकाश गिरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि ई कचरा प्रबंधन से तात्पर्य है खराब, पुराने या उपयोग में ना आने वाले इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों जैसी मोबाइल फोन, कंप्यूटर, टेलीविजन, प्रिंटर, बैटरी और तार को सुरक्षित तरीके से इकट्ठा करने, उनकी छंटाई करने, उनका पुनर्चक्रण करने और विषैले पदार्थों का उचित निस्तारण करने से हैं। व्याख्याता गरिमा साहू ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक कचरे में सीसा, पारा, कैडमियम और आर्सेनिक जैसे खतरनाक रसायन होते हैं। इन्हें खुले में फेंकने या जलाने से मिट्टी और भूजल प्रदूषित होते हैं। ई कचरे में सोना, चांदी, तांबा और लिथियम जैसी कीमती धातुएँ होती है। पुनर्चक्रण द्वारा इन्हें निकाल कर नए उत्पाद बनाएं जा सकते हैं। इस कारण से ई कचरा प्रबंधन पर्यावरण की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम में शशि प्रभा थिटे (अध्यक्ष), दूषण लाल साहू, लोकेश चंद्राकर, कृष्ण कुमार साहू, दिनेश प्रताप ठाकुर,जितेन्द्र चक्रधारी, यमन सिन्हा, ऋषभ साहू, अनिता पिल्लई (प्राथमिक प्रभारी), किरण विश्वकर्मा, ललिता सिन्हा, बसंती यादव, मीरा चंद्राकर, गायत्री सेन, जयश्री श्रीवास्तव, लक्ष्मी कामेश्वरी बाग, संजू पारेश्वर सुनीता साहू, रामेश्वरी साहू, जामुन साहू, लता निषाद, भूमिका चंद्राकर, मीना पटेल, दीपा साहू, कुमारी साहू, ममता प्रजापति, गौरी साहू, गायत्री साहू, लक्ष्मी साहू, रेखा राम पटेल आदि उपस्थित थे।

